आरक्षण के मुद्दे से लाखों युवाओं का भविष्य जुड़ा : कुशवाह

हाईकोर्ट के फैसले पर कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से कहा



नवभारत न्यूज

भिण्ड, 10 अक्टूबर। मध्य प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है।9 अक्टूबर 2026 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण से जुड़े संशोधन कानून को असंवैधानिक ठहराए जाने के बाद इस मुद्दे पर राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इसी विषय को लेकर बीटीआई रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई। इसमें पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग उठाते हुए कहा कि इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा।

प्रेसवार्ता में मानसिंह कुशवाह ने आरक्षण के मुद्दे को सामाजिक न्याय और युवाओं के भविष्य से जुड़ा विषय बताया। उन्होंने चिंता जताई कि आरक्षण को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद और भर्ती प्रक्रियाओं में बनी अनिश्चितता से लाखों युवाओं तथा विद्यार्थियों के भविष्य पर असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने की मांग को लेकर आवाज उठाई जाती रहेगी।

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 9 अक्टूबर को अपने फैसले में वर्ष 2019 के उस संशोधन कानून को रद्द कर दिया, जिसके जरिए ओबीसी आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 27 प्रतिशत किया गया था। अदालत ने रोके गए 13 प्रतिशत पदों पर अनारक्षित वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया तीन महीने के भीतर पूरी करने के निर्देश भी दिए हैं। इस फैसले के बाद ओबीसी आरक्षण का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

विभिन्न दलों के नेताओं ने रखे अपने विचार: प्रेसवार्ता में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नंदराम बघेल और रणजीत सिंह गुर्जर ने भी ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर अपने विचार रखे। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आरक्षण से जुड़े सवालों पर अपने-अपने मत व्यक्त किए। प्रेसवार्ता में इस बात पर चर्चा हुई कि आरक्षण संबंधी विवाद का युवाओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों और सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। मानसिंह कुशवाह ने 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को प्रमुखता से उठाते हुए इस विषय पर संघर्ष जारी रखने की बात कही।

22 नवंबर को झलकारी बाई कोली जयंती पर निकलेगी रैली

पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने 22 नवंबर को वीरांगना झलकारी बाई कोली की जयंती के अवसर पर रैली आयोजित करने की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि रैली बीटीआई रोड स्थित कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होगी और एमजेएस कॉलेज के मैदान में पहुंचकर संपन्न होगी। इसके बाद मैदान में सभा का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सभा में हजारों लोगों के शामिल होने का अनुमान जताया है। कार्यक्रम के माध्यम से वीरांगना झलकारी बाई कोली की जयंती मनाने के साथ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

भैंस चराने गया 17 वर्षीय किशोर तालाब में डूबा, मौत से परिवार में मचा कोहराम

उगाई खेड़ा सरकार के पास हुआ हादसा, गोताखोरों की मदद से निकाला शव, कक्षा 10वीं का छात्र था छोटू बघेल

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 10 अक्टूबर। मिहोना थाना क्षेत्र के उगाई खेड़ा गांव में शनिवार को तालाब में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर भैंस चराने गया था। तालाब में दूसरे बच्चों को नहाते देखकर वह भी पानी में उतर गया, लेकिन गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाने के कारण डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने गोताखोरों एवं बचाव दल की मदद से किशोर का शव तालाब से बाहर निकलवाया।

मृतक की पहचान छोटू बघेल पुत्र मंगल सिंह बघेल, निवासी लेनकापुरा, थाना मिहोना के रूप में हुई है। वह कक्षा 10वीं का छात्र था और अपने माता-पिता के साथ ग्वालियर में रहता था। उसके पिता वहां मजदूरी करते हैं। बीते 5 अक्टूबर को उसकी दादी का निधन हो गया था, जिसके बाद छोटू गांव आया था।

दूसरे बच्चों को नहाते देख तालाब में उतरा: जानकारी के अनुसार, शनिवार को छोटू भैंस चराने निकला था। इसी दौरान वह उगाई खेड़ा सरकार के पास स्थित तालाब पर पहुंच गया। वहां कुछ अन्य चरवाहे बच्चे पहले से नहा रहे थे। उन्हें नहाते देखकर छोटू भी तालाब में उतर गया। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने ग्रामीणों को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीण तालाब के पास एकत्रित हो गए। सूचना मिलते ही मिहोना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और गोताखोरों तथा बचाव दल की मदद से किशोर की तलाश शुरू कराई। काफी प्रयासों के बाद उसका शव तालाब से बाहर निकाला गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया। मिहोना थाना प्रभारी रोहित गुप्ता ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था। गोताखोरों और बचाव दल की मदद से किशोर का शव तालाब से निकलवाया गया और पोस्टमार्टम कराया गया।

तीन भाइयों में बीच का था छोटू

छोटू तीन भाइयों में बीच का था। किशोर की असमय मौत से परिवार में शोक छा गया। गांव में भी घटना के बाद दुख का माहौल रहा।

एक नजर में

सेवा संकल्प अभियान को लेकर आईटीआई में कैरियर काउंसलिंग, युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बताए तरीके

भिण्ड, 10 अक्टूबर। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने और उनके भविष्य को दिशा देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय भिंड द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) भिंड में आयोजित एनसीसी कैम्प में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 30 एमपी बटालियन एनसीसी भिंड के कैडेट्स को रोजगार, स्वरोजगार और कैरियर चयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। काउंसलिंग सत्र के दौरान कैडेट्स को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, स्वरोजगार की संभावनाओं तथा शासन की रोजगारोन्मुखी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें अपनी रुचि, योग्यता और कौशल के अनुरूप कैरियर का चयन करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, कौशल विकास और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर लक्ष्य निर्धारित करने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया।

कौशल विकास और सही कैरियर चयन पर जोर

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं एवं एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेट्स ने रोजगार और कैरियर से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे तथा अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। काउंसलिंग के माध्यम से युवाओं को उपलब्ध अवसरों की जानकारी लेकर योजनाबद्ध तरीके से अपने भविष्य की तैयारी करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में एनसीसी के अधिकारीगण और आईटीआई का स्टाफ भी उपस्थित रहा। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस पहल का उद्देश्य युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना, उनके कौशल को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मार्गदर्शन देना रहा।



सीएमओ ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण, योजना के कार्यों का लिया जायजा

भिण्ड, 10 अक्टूबर। नगर पालिका सीएमओ वीरेंद्र चक्रवर्ती ने शनिवार को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट की व्यवस्थाओं और योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान योजना के ठेकेदार अरविंद शर्मा, लोक निर्माण शाखा प्रभारी पंकज कटारे तथा तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद रहे। अधिकारियों और संबंधित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्लांट से जुड़े तकनीकी एवं निर्माण कार्यों की जानकारी ली गई। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण शहर की सीवरेज व्यवस्था और अपशिष्ट जल के उपचार से जुड़ी परियोजना की प्रगति का जायजा लेने के लिहाज से महत्वपूर्ण है।

खुले में मांस-मछली और अंडों की बिक्री पर 9 दिनों के लिए रोक लगाने के दिए निर्देश

लहार, 10 अक्टूबर। शारदीय नवदुर्गा महोत्सव के पावन पर्व को देखते हुए लहार नगरपालिका प्रशासन ने नगर की धार्मिक आस्था और स्वच्छता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाया है। नगरपालिका ने आगामी नौ दिनों तक नगर क्षेत्र में खुले में मांस, मछली और अंडों की दुकानों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करने और नगर में सात्विक वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से नगरपालिका के अमले ने बाजार में विशेष अभियान चलाया। कर्मचारियों ने नगर के भीतर मुख्य मार्गों और खुले स्थानों पर मीट-मछली व अंडे बेचने वाले दुकानदारों से सीधा संपर्क किया,नवदुर्गा उत्सव के 9 दिनों तक नगर की सीमा के भीतर खुले में किसी भी प्रकार के मांस, मछली या अंडों की बिक्री पूर्णत: बंद रखी जाए। यदि व्यापारी व्यवसाय जारी रखना चाहते हैं, तो वे अपनी दुकानें नगर परिषद क्षेत्र से बाहर निर्धारित स्थानों पर ही लगाएं,नियमों का उल्लंघन करने या सार्वजनिक स्थानों पर खुले में सामग्री बेचने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के इस कदम का नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने स्वागत किया है, वहीं दुकानदारों ने भी त्योहार की गरिमा का ध्यान रखते हुए नियमों के पालन का आश्वासन दिया है।

रीवा के खिलाड़ियों ने कबड्डी में मारी बाजी

भोपाल को हराकर बालक वर्ग का खिताब जीता 70वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन, बालिका वर्ग में इंदौर संभाग बना चैंपियन

नवभारत न्यूज

भिण्ड, 10 अक्टूबर। शहर में आयोजित 70वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह में मुख?य अतिथि के रुप में जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया रही। वहीं विशिष्ट अतिथि के रुप में जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबलों में बालक वर्ग में रीवा संभाग और बालिका वर्ग में इंदौर संभाग ने प्रथम स्थान हासिल कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में सीएसपी निरंजन राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी सुधांशु द्विवेदी, जिला परियोजना समन्वयक शिवब्रह्म जादौन, प्राचार्य पी.एस. चौहान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

खिलाड़ियों की प्रतिभा को मिले अवसर तो बढ़ेगा प्रदेश का गौरव:

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष कामना भदौरिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज इस मैदान पर खेल रहा खिलाड़ी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी देश का प्रतिनिधित्व कर सकता है। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, अनुशासन और खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत सीईओ वीरसिंह चौहान ने भी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बालक वर्ग में रीवा, बालिका वर्ग में इंदौर संभाग प्रथम:

जिला शिक्षा अधिकारी सुधांशु द्विवेदी ने प्रतियोगिता के परिणामों की घोषणा की। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में रीवा संभाग ने भोपाल संभाग को पराजित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। भोपाल संभाग दूसरे और जबलपुर संभाग तीसरे स्थान पर रहा। वहीं, बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में इंदौर संभाग ने जनजाति कार्य विभाग की टीम को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। जनजाति कार्य विभाग दूसरे और उज्जैन संभाग तीसरे स्थान पर रहा।

व्यक्तिगत पुरस्कारों में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी:

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में रीवा संभाग के आदित्य यादव को बेस्ट रेडर, जबलपुर संभाग के नमन अली को बेस्ट कैचर और भोपाल संभाग के राज धाकड़ को बेस्ट ऑलराउंडर चुना गया। बालिका वर्ग में जनजाति कार्य विभाग की उमेश्वरी को बेस्ट रेडर, उज्जैन संभाग की जैविका को बेस्ट कैचर तथा इंदौर संभाग की परिणा को बेस्ट ऑलराउंडर का पुरस्कार मिला।

अध्ययन सामग्री पाकर खिले बच्चों के चेहरे, सीईओ चौहान ने बढ़ाया हौसला

भिण्ड, 10 अक्टूबर। सेवा मेरा योगदान (सेवा संकल्प अभियान-2026) के अंतर्गत पीएमश्री इंग्लिश मीडियम स्कूल भिंड में जरूरतमंद विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत के सीईओ वीरसिंह चौहान ने विद्यार्थियों को पेन, कॉपी, कम्पास, पेंसिल और रंग सहित पढ़ाई में उपयोगी सामग्री प्रदान की। अध्ययन सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत वीरसिंह चौहान ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों के बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है।

जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाई जा रही उपयोगी सामग्री: सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जरूरतमंद विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी शैक्षणिक जरूरतों को पूरा करने में सहयोग देना है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ने, नियमित अभ्यास करने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

20 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, अतिथि शिक्षक राठौर को मिला उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार

सांदीपनि परिसर के शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्र. 2 में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित

गोहद, 10 अक्टूबर। विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को सम्मान देने के उद्देश्य से शनिवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2, सांदीपनि परिसर गोहद में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में 20 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं, विद्यालय में उत्कृष्ट कार्यों के लिए अतिथि शिक्षक रामहेत राठौर को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता प्रधानाध्यापक आचार्य बृजमोहन शर्मा ने की। बैठक में 45 अभिभावकों ने भाग लिया, जिनमें 27 महिलाएं और 18 पुरुष शामिल थे। इसके साथ ही विद्यालय के 18 शिक्षक भी मौजूद रहे।

15 दिन के मूल्यांकन के बाद चुने गए मेधावी विद्यार्थी: विद्यालय में सम्मानित किए गए 20 विद्यार्थियों का चयन शैक्षणिक प्रदर्शन के साथ सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों सहित 10 निर्धारित बिंदुओं पर 15 दिनों तक किए गए मूल्यांकन के आधार पर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज और प्रधानाध्यापक आचार्य बृजमोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ उनकी अन्य प्रतिभाओं को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।

रामहेत राठौर को उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार: विद्यालय की कोर कमेटी ने निर्धारित मापदंडों के आधार पर अतिथि शिक्षक रामहेत राठौर का चयन उत्कृष्ट शिक्षक पुरुस्कार के लिए किया। उन्हें प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के माध्यम से शिक्षकों के बेहतर कार्यों और शैक्षणिक योगदान को प्रोत्साहित किया गया।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर

प्रधानाध्यापक आचार्य बृजमोहन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों और शिक्षकों का उत्साह बढ़ाने के लिए इस तरह की पहल निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही।

सैनिकों का सम्मान राष्ट्र के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है : डॉ. शिवप्रताप

शहीद अनूप एवं शहीद जितेन्द्र के परिजनों का हुआ सम्मान

भिण्ड, 10 अक्टूबर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला भिण्ड के सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत संचालित सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत गत दिवस श्रीमती भगवंती बाई शिक्षा प्रसार समिति, नवांकुर संस्था के तत्वावधान में शहर के ब्रह्मपुरी स्थित संस्था परिसर में सैनिकों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा समाज में राष्ट्रसेवा, देशभक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर पर सैनिकों के त्याग, समर्पण, साहस और राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा को नमन करते हुए डॉ. शिवप्रताप सिंह कुशवाह ने कहा कि सैनिक कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं, ताकि देशवासी सुरक्षित वातावरण में अपना जीवन व्यतीत कर सकें। सैनिकों का सम्मान केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके अमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त करने का अवसर है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सैनिकों और उनके परिवारों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता का भाव रखना चाहिए।

डॉ. भदौरिया ने कहा कि सेवा मेरा योगदान अभियान का मूल उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग, संवेदना और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना है। सैनिकों का सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। देश की सुरक्षा में योगदान देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के साथ-साथ हमें अपने दैनिक जीवन में भी समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में शहीद अनूप कुमार शर्मा शौर्यचक्र के पिता समाजसेवी पत्रकार रामशंकर शर्मा एवं शहीद जितेन्द्र सिंह कुशवाह के पिता रामवीर सिंह कुशवाह का शॉल, श्रीफल, प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के सचिव शशिकांत शर्मा ने किया। अंत में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बबेड़ी की सचिव रेनू राजावत ने सभी अतिथियों, उपस्थितजनों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी डॉ. डीके शर्मा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. शिवप्रताप सिंह भदौरिया, भिण्ड जनपद सीईओ सुश्री शालू दोहरे, संस्था सचिव शशिकांत शर्मा, समाजसेवी रविन्द्र सिंह कुशवाह, शैलेश सिंह कुशवाह, गणेशदत्त शर्मा, मिंटू कुमारी, रेनू राजावत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

मेहगांव, 10 अक्टूबर। आगामी शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी (दशहरा) पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए स्थानीय थाने में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। थाना मेहगांव परिसर में हुई इस बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न पंडाल समितियों के व्यवस्थापकों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान आगामी पर्वों को लेकर प्रशासनिक तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की मुख्य बातें और दिशा-निर्देश

पंडालों की स्थापना और विसर्जन स्थल: बैठक में समितियों द्वारा यह जानकारी दी गई कि क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाएं कहां-कहां स्थापित की जाएंगी और विसर्जन के लिए कौन-कौन से निर्धारित स्थल तय किए गए हैं।

मजबूत निर्माण और सुरक्षा: थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा ने सभी पंडाल व्यवस्थापकों को

सख्त निर्देश दिए कि पंडालों का निर्माण पूरी मजबूती के साथ किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके **विद्युत सुरक्षा:** बिजली की व्यवस्था को लेकर हिदायत दी गई कि इलेक्ट्रोक वायरिंग पर पूर्ण रूप से टेप लगी होनी चाहिए। किसी भी स्थिति में खुले तार न छोड़े जाएं, ताकि शॉर्ट सर्किट का खतरा न रहे **अग्नि सुरक्षा:** ज्योति कलश और पूजन स्थल के आसपास किसी भी प्रकार की ज्वलनशील सामग्री न रखी जाए। आग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रखने को कहा गया।

सुरक्षा के लिहाज से रात्रि के समय पंडालों में समिति के सदस्यों या स्वयंसेवकों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से बनी रहनी चाहिए। प्रतिमा विसर्जन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विसर्जन स्थल पर बच्चों को साथ लेकर न जाएं और केवल प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थान पर ही पूरी सुरक्षा के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन करें। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारे और शांति के साथ पर्व को मनाएं तथा नियमों का कड़ाई से पालन करें।

भूतपूर्व सैनिक संगठन ने की मुख्यमंत्री से जांच की मांग

गायों की मौत और हरे पेड़ों को नष्ट करने का मामला

लहार, 10 अक्टूबर। नगर में 7 गायों की करंट से हुई मौत के मामले में शिकायत करने पर पीड़ित के बगीचे के हरे पेड़ों को नष्ट करने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में भूतपूर्व भारतीय सैनिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर दोषी बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है,करीब दो माह पूर्व लहार के बीआरसी ऑफिस के पीछे झूलती बिजली लाइन के करंट की चपेट में आने से 7 गायों की दर्दनाक मौत हो गई थी। गौरक्षक संतोष चौहान ने इस लापरवाही के खिलाफ प्रशासन से कार्रवाई की मांग की थी,आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय लहार बिजली विभाग ने दुर्भावनावश संतोष चौहान के पंचम बाबा स्थित बगीचे में ट्रैक्टर चलवाकर वर्षों पुराने दर्जनों फलदार व छायादार हरे वृक्षों को उखाड़कर नष्ट कर दिया। पीड़ित ने कलेक्टर, डीएफओ (वन विभाग), जीएम बिजली विभाग, नगर पालिका और पुलिस को लिखित शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई मौका मुआयना नहीं किया गया। संगठन का आरोप है कि जिला प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी दोषियों को बचाने के लिए साक्ष्य मिटने का इंतजार कर रहे हैं। पिछले 15 दिनों से मौके से भारी मात्रा में कटी हुई लकड़ियां और तने गायब कराए जा रहे हैं, ताकि जांच के दौरान सबूत ही न मिलें। बिजली विभाग लहार शाखा के एई पर उपभोक्ताओं को एवरेज बिल भेजकर अवैध वसूली करने और ऊपर तक कमीशन पहुंचाने का भी आरोप लगाया गया है।